# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नवागढ़ में 209 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन और लोकार्पण

**❑ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय नवागढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय पंथी नृत्य एवं गुरु घासीदास लोककला महोत्सव के समापन समारोह में हुए शामिल**

रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बेमेतरा जिले के विकासखंड मुख्यालय नवागढ़ में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय ओपन पंथी नृत्य प्रतियोगिता एवं गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव 2024 के समापन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने नवागढ़ में बाबा गुरु घासीदास जैतखम में पूजा-अर्चना कर राज्य की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर 209 करोड़ 12 लाख 57 हजार रूपये के 74 विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। उन्होंने नवागढ़ के कोदूराम दलित महाविद्यालय में एमकाम और साइंस विषय की 40-40 सीट और अनुसूचित जाति बाहुल्य 10 ग्रामों में 10-10 लाख रूपये की सीसी रोड का निर्माण कराए जाने की घोषणा की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल और राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ का समाज एक समतामूलक समाज है। इस समाज के निर्माण में बाबा गुरु घासीदास जी के विचारों की छाया स्पष्ट नजर आती है। मनखे-मनखे एक समान के अपने संदेश से यही बात उन्होंने कह दी। जब एक दूसरे को समानता के दृष्टिकोण से देखना शुरू कर देंगे तो बैरभाव स्वतः ही समाप्त हो जाएगा। उनका यह संदेश केवल समाज ही नहीं अपितु देश-दुनिया को एकजुटता के सूत्र में बांधता है। ऐसे समय में जब विघटनकारी तत्व देश की एकता को तोड़ने की साजिश में लगे हैं, बाबा गुरु घासीदास जी के संदेश प्रकाश स्तंभ की तरह हमें रास्ता दिखा रहे हैं।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारा छत्तीसगढ़ धान का कटोरा है। धान के कटोरे की पहचान जिन किसान भाइयों से है, वे सुखी समृद्ध रहें इसके लिए हम किसान भाइयों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल तथा 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीद रहे हैं। पिछली बार हमने 145 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा, इस बार उम्मीद है कि धान खरीदी का यह आंकड़ा 160 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच जाएगा। बाबा जी ने महिला और पुरुषों के बीच समानता का संदेश भी दिया है। यह समानता तब आयेगी जब आर्थिक रूप से भी हमारी माताएं-बहनें पूरी तरह से सशक्त हों, इसके लिए ही मोदी जी ने हमारी माताओं-बहनों को महतारी वंदन योजना के रूप में हर महीने एक हजार रुपए की गारंटी दी। शपथ ग्रहण के पहले दिन से ही हमने महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन के लिए काम करना आरंभ कर दिया था। तीन महीने के भीतर ही हमने 70 लाख माताओं-बहनों के खाते में हर महीने एक हजार रुपए की राशि देनी आरंभ कर दी। अब तक हम योजना की दस किश्त दे चुके हैं।

उन्होंने कहा कि हमारे युवाओं को रोजगार के उचित अवसर मिल सकें, परीक्षाओं में पूरी तरह पारदर्शिता हो, इसके लिए भी हमने कार्य किया। पीएससी परीक्षा की जांच सीबीआई को सौंपी गई। इस साल पीएससी की परीक्षा पूरी पारदर्शिता के साथ आयोजित हुई। मैं पीएससी के टापर्स से मिला, उन्होंने मुझे बताया कि पिछली सरकार में जमकर हुए भ्रष्टाचार के चलते बहुत से युवाओं का पीएससी से भरोसा उठ गया था, इस बार साफसुथरी परीक्षा हुई तो भरोसा फिर से कायम हुआ। अनुसूचित जाति, जनजाति के युवा कलेक्टर, एसपी बन सकें, इसके लिए हमने दिल्ली में ट्राइबल यूथ हास्टल में युवाओं के लिए 135 सीटें बढ़ाई हैं। हम लोग युवाओं के लिए नालंदा की तर्ज पर 13 लाइब्रेरी भी नगरीय निकायों में आरंभ करने जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारी सरकार का पूरा फोकस अनुसूचित जाति-जनजाति के विकास पर है। इसके लिए हमने बजट प्रावधान में भी उल्लेखनीय वृद्धि की है। हमने नई उद्योग नीति तैयार की है। इस उद्योग नीति में हमारे अनुसूचित जाति-जनजाति के उद्यमियों के लिए विशेष प्रावधान रखे गये हैं। जो लोग उद्यमशीलता के क्षेत्र में बढ़ना चाहते हैं, उनके लिए काफी अच्छे अवसर हैं। मुझे खुशी है कि हम बाबा गुरु घासीदास जी के शांतिपूर्ण और समतामूलक समाज के संदेश के अनुरूप छत्तीसगढ़ को संवार रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने संकल्प लिया है कि विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए लगातार कड़ी मेहनत करते रहेंगे।

मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर वहां विभागों द्वारा लगायी गयी विकास प्रदर्शनी के स्टॉल का अवलोकन किया और प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास की चाबी सौपीं। मुख्यमंत्री साय ने राज्य स्तरीय ओपन पंथी नृत्य प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### ज्यादा मुनाफा का झांसा देकर 24 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर (आरएनएस)।** इंडिया न्यूज पेपर का लिंक भेजकर 24 लाख 95 हजार से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी तेजस्वी वर्मा 33 वर्ष मिलन चौक संजयनगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि उसके पास अज्ञात नंबर से इंडिया न्यूज पेपर नामक लिंक आया और अच्छी कमाई का झांसा देकर अज्ञात आरोपी ने अपने खाता में 24 लाख 95 हजार 267 रुपए जमा करवा लिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### ट्रक चालक लाखों रुपए का सरिया लेकर फरार

**रायपुर (आरएनएस)।** ट्रक चालक 5 टन एमटी सरिया लेकर फरार हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी देवेन्द्र राय 53 वर्ष बीरगांव का रहने वाला है। प्रार्थी ने धरसींवा थाना में शिकायत किया कि उसके ट्रक क्रमांक सीजी 17 केजे 6107 को ड्राइवर सरीफ खान 54 वर्ष चलाता है। बताया जाता है कि चालक ने ट्रक में 5 टन एमटी सरिया लोड कर ट्रक लेकर फरार हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पत्नी की हत्या मामले में पति गिरफ्तार

**कोरबा (आरएनएस)।** थाना बांगो क्षेत्र में एक सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया है। थाना बांगो के अपराध क्र. 229/2024 में आरोपी पति विशाल आर्मो को पत्नी धनमति आर्मो की हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। घटना 16 दिसंबर 2024 की है, जब विशाल अपनी पत्नी के साथ बच्चों को लेकर घर लौट रहा था। रास्ते में पत्नी धनमति ने थककर चलने से इंकार किया, जिसके बाद आरोपी ने उसे गाली दी और मारपीट शुरू कर दी। जब पत्नी चट्टान से नीचे गिर गई, आरोपी ने डंडे से सिर में वार किया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। मृतिका के पिता की सूचना पर मर्ग कायम किया गया और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट व गवाहों के बयान के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## छत्तीसगढ़ और ओडिशा में है पर्यटन की अपार संभावनाएं : वनमंत्री कश्यप

**❑ वन मंत्री भुवनेश्वर में आयोजित टूरिज्म कॉन्क्लेव में हुए शामिल**

रायपुर

वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा है कि छत्तीसगढ़ और ओडिशा को भगवान जगन्नाथ के आशीर्वाद से अकुत खनिज संपदा और प्राकृतिक सौन्दर्य का उपहार मिला है। दोनों ही राज्यों में पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप दोनों ही राज्यों में पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। वनमंत्री कश्यप आज आज ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित एक निजी समाचार चैनल के कार्यक्रम 'चलो देखें अपना देश' टूरिज्म कॉन्क्लेव को सम्बोधित कर रहे थे।




वनमंत्री कश्यप ने कॉन्क्लेव में छत्तीसगढ़ और ओडिशा के बीच सामाजिक, सांस्कृतिक और व्यावसायिक रिश्तों को भी रेखांकित करते हुए कहा कि भगवान जगन्नाथ के आशीर्वाद से ओडिशा और छत्तीसगढ़ राज्य प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण है। दोनों ही राज्यों में अनेक महत्वपूर्ण धार्मिक पर्यटन स्थल हैं और दोनों राज्यों के बीच 'रोटी-बेटी' का रिश्ता है। कश्यप ने कहा कि जगन्नाथपुरी में वर्षो से बस्तर बाड़ा है। जहां छत्तीसगढ़ के श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए आते है और वहां ठहरते है। उन्होंने कहा कि देश में बहुत से आकर्षक पर्यटन स्थल हैं। इन क्षेत्रों में दोनों की राज्यों में पर्यटन सुविधाएं बढ़ाने का काम किया जा रहा है। ओडिशा में देश का सबसे खूबसूरत समुद्र तट है, तो छत्तीसगढ़ में बस्तर का दशहरा विश्व प्रसिद्ध है। इन दोनों ही राज्यों के पर्यटन प्रेमी इन स्थानों पर आकर पर्यटन का आनंद ले सकते हैं। गौरतलब है कि यह कार्यक्रम ओडिशा में पर्यटन को प्रोत्साहित करने और स्थानीय स्थलों के महत्व को उजागर करने के उद्देश्य से इस कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया था।

कार्यक्रम में ओडिशा की उपमुख्यमंत्री प्रावति परिदा, विधायक पुरंदर मिश्रा, पद्मश्री उत्सव चरण दास और जे.के. मोहंती सहित ओडिशा राज्य के पर्यटन विभाग के अधिकारी और बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## 100 से अधिक चाकूबाजों एवं हिस्ट्रीशीटरों को एसएसपी ने दी समझाईश

**रायपुर (आरएनएस)।** अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने सहित सुरक्षा व शांति व्यवस्था के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम संदीप मित्तल एवं उप पुलिस अधीक्षक क्राईम संजय सिंह के नेतृत्व में क्राईम ब्रांच की टीम द्वारा आज दिनांक 21.12.24 को अलग-अलग थाना क्षेत्रों में निवासरत 100 से अधिक चाकूबाजों, हिस्ट्रीशीटरों एवं अपराधिक तत्वों को क्राईम ब्रांच में हाजिर किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वयं चाकूबाजों, हिस्ट्रीशीटरों एवं अपराधिक तत्वों की परेड़ ली जाकर उन्हें कड़ाई से समझाईश दी गई, कि वे किसी भी प्रकार के अपराध में संलिप्त ना रहें तथा उनके साथी जो अपराधों में संलिप्त रहते है, उनके संबंध में भी पुलिस को जानकारी देने कहा गया। प्रत्येक सप्ताह अपने संबंधित थानों में जाकर हाजिरी देने व अपराधों से दूर रहकर शांति पूर्वक अपने परिवार के साथ जीवन यापन करते हुये, पुलिस द्वारा जब भी उन्हें उपस्थित होने कहा जाता है तो तत्काल उपस्थित होने कहा गया। उनके निवास क्षेत्रों के आसपास किसी भी प्रकार की छोटी-बड़ी घटना होने पर सूचना तत्काल पुलिस को देने तथा क्षेत्र में सुरक्षा, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का सहयोग करने कहा गया।

## भोरमदेव शक्कर कारखाना में गन्ना विक्रय करने वाले किसानों को 14.13 करोड़ का भुगतान

रायपुर


मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप गन्ना उत्पादक कृषकों को गन्ना विक्रय के एवज में राशि का भोरमदेव शक्कर कारखाना कवर्धा द्वारा तत्परता से भुगतान किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना में पेराई सत्र 2024-25 में गन्ना विक्रय करने वाले किसानों अब तक 14.13 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। कारखाने के प्रबंध संचालक जीएस शर्मा ने जानकारी दी कि इस सत्र में अब तक 1,09,175 मीट्रिक टन गन्ने की पेराई की गई है और 94,270 क्विंटल शक्कर का उत्पादन हुआ है। यह उपलब्धि किसानों के सहयोग और कारखाने के कुशल प्रबंधन का परिणाम है।

गौरतलब है कि गन्ना उत्पादक किसानों को प्रति क्विंटल 315.10 रुपए की दर से भुगतान जारी किया गया है। कारखाना प्रबंधन ने गन्ना उत्पादक किसानों से अपील की है कि वे कारखाने में परिपक्व, साफ-सुथरा, बिना अगवा और बिना जड़ वाला गन्ना आपूर्ति करें। इससे शक्कर की रिकवरी प्रतिशत में वृद्धि होगी, जिसका सीधा लाभ किसानों को मिलेगा। भोरमदेव शक्कर कारखाना कवर्धा क्षेत्र के गन्ना किसानों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप गन्ना खरीदी नीति के तहत किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है।

## भारतीय वन सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ ने वन एवं वृक्ष आवरण वृद्धि में देश में प्राप्त किया प्रथम स्थान

रायपुर

भारतीय वन सर्वेक्षण रिपोर्ट (ISFR) 2023 के अनुसार छत्तीसगढ़ ने संयुक्त वन एवं वृक्ष आवरण वृद्धि में देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। भारतीय वन सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ का कुल वन आवरण क्षेत्र 55,812 वर्ग किलोमीटर है।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह महत्वपूर्ण उपलब्धि वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के सतत संरक्षण और समर्पित प्रयासों का परिणाम है। साथ ही यह प्रदेशवासियों की जागरूकता और पर्यावरण के प्रति उनकी जिम्मेदारी को दर्शाता है, जो छत्तीसगढ़ को हरित और समृद्ध बनाने में योगदान दे रहे हैं।

यह उपलब्धि स्थानीय समुदायों की भागीदारी और संरक्षण कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन का परिणाम है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2021 की तुलना में देश के वन और वृक्ष आवरण में 1445 वर्ग कि.मी. की वृद्धि हुई है, जिसमें वनावरण में 156 वर्ग कि.मी. और वृक्ष आवरण में 1289 वर्ग कि.मी. की वृद्धि शामिल है। वन एवं वृक्ष आवरण में अधिकतम वृद्धि दर्शाने वाले शीर्ष चार राज्य छत्तीसगढ़ (684 वर्ग कि.मी.), उत्तर प्रदेश (559 वर्ग कि.मी.), ओडिशा (559 वर्ग कि.मी.) और राजस्थान (394 वर्ग कि.मी.) हैं।

## चाबी बनाने के बहाने घर से लाखों के जेवर पार करने वाले दो आरोपी एमपी से गिरफ्तार

दुर्ग । आरएनएस



दुर्ग पुलिस चाबी बनाने के बहाने घरों में सेंधमारी कर चोरी की वारदात को अंजाम देने वोल ने दो शातिर चोर को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया है। आरोपी घरों चाबी बनाने के बहाने जाते थे और मौके पाकर घर में रखे सामान पर चोरी कर फरार हो जाते थे। मोहन नगर थाने में दर्ज शिकायत पर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार सिंधी कालोनी निवासी प्रार्थीया सविता तलरेजा ने मोहन नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, कि उनके घर में दो सरदार आलमारी का चाबी बनाने के नाम पर आये थे। चाबी बनाने के दौरान प्रार्थीया को बातों उलझाकर आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरातों की चोरी कर फ रार हो गये। शिकायत पर पुलिस द्वारा तत्काल एक टीम गठित कर घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया एवं घटना के संबंध में जानकारी लेकर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगाला गया। फुटेज में दो सरदार घटना स्थल के आसपास आते-जाते दिखे। वीडियो फुटेज के आधार पर दोनों सरदारों का आस-पास के लोगों से एवं मुखबीरों को दिखाकर पूछताछ की गयी। पुलिस की वाट्सएप गुरुप में आरोपियो का फुटेज प्रसारित करने पर आरोपियों की पहचान राजू सिंह एवं निशांत सिंह बार निवासी इंदौर के रूप में हुई। तत्काल टीम को इंदौर रवाना किया गया जहां जाकर पता चला कि आरोपी धार में है। फिर पुलिस की टीम ने धार जाकर आरोपयों का पता तलाश की वहां से आरोपियों का लोकेशन बड़ोदरा में होने का पता चला। तब तत्काल टीम बड़ोदरा के लिये रवाना हुई जहां पुलिस के पहुंचने से पहले ही तेज बारिश का फ ायदा उठाकर आरोपी वहां से फरार हो गये। आरोपियों ने अपने सभी मोबाईल नंबर एवं अपने परिवार के सदस्यों का मोबाईल नंबर बदल दिया। आरोपियों की लगातार तलाश किया गया। और फिर पुलिस को आरोपियों के जावरा (म.प्र.) में होने की जानकारी मिली। जिसके बाद तत्काल टीम द्वारा जावरा के ओम लॉज पहुंचकर आखिरकार दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी के 8 लाख 70 हजार रुपए का सोने चांदी के जेवरात भी बरामद कर लिये है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छतीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## सगे भाई को चाकू मारने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

रायपुर । आरएनएस

प्रार्थी रितेश आडवानी ने थाना पुरानी बस्ती में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह मठपुरैना टिकरापारा का निवासी है तथा उसका रायपुरा में पान दुकान है। दिनांक 20.12.2024 की रात्रि प्रार्थी दुकान बन्द कर अपने पिता व छोटे भाई अजय आडवानी के साथ अपने घर जाते समय लाखे नगर चौक जय माता दी होटल में खाना पार्सल कराने जा रहा था। इसी दौरान लाखेनगर ढाल गौशाला के पास पहुंचा था तभी शुभम मिश्रा अपने अन्य साथियों के साथ आकर उधार पैसे के विवाद को लेकर उसके भाई अजय आडवानी के साथ मारपीट करने लगा। जिस पर प्रार्थी और उसके पिता बीच बचाव करने लगे तभी शुभम मिश्रा व उसके साथी अजय आडवानी को पकड़े तथा शुभम मिश्रा बोला निकाल चाकू आज इसे जान से मारकर खत्म कर देते है तथा अपने पास रखें चाकू से अजय आडवानी पर वार करने के साथ ही हाथ मुक्का से मारपीट किये तथा वहीं पास पड़े पत्थर से प्रार्थी के सिर पर मारकर चोट पहुंचाये, कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध थाना पुरानी बस्ती में अपराध क्रमांक 558/24 धारा 109, 3(5) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। घटना को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा गंभीरता से लेते हुये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम डी.आर. पोर्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम संदीप मित्तल, उप पुलिस अधीक्षक क्राईम संजय सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक पुरानी बस्ती राजेश देवांगन एवं थाना प्रभारी पुरानी बस्ती निरीक्षक योगेश कुमार कश्यप को आरोपियों की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिये गये। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस टीम द्वारा घटना के संबंध में आहत दोनों भाईयों सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ कर आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। आरोपियों के छिपने के हर संभावित ठिकानों में लगातार रेड कार्यवाही करते हुये प्रकरण में संलिप्त 02 आरोपी एवं विधि के साथ संघर्षरत 01 बालक सहित कुल 03 लोगों को पकड़ा गया। आरोपी शुभम मिश्रा उर्फ मिश्रा आदतन अपराधी है जिसके विरूद्ध थाना आजाद चौक में हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, थाना गोलबाजार में प्रतिबंधात्मक कार्यवाही एवं जिला राजनांदगांव के थाना कोतवाली से आर्म्स एक्ट (पिस्टल) के लगभग 01 दर्जन अपराध पंजीबद्ध है, जिनमें आरोपी जेल निरूद्ध रह चुका है। पूछताछ में तीनों के द्वारा उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया। जिस पर तीनों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू एवं पत्थर जप्त कर अग्रिम कार्यवाही की जा रहीं है। प्रकरण में संलिप्त एक अन्य आरोपी फरार है, जिसकी पतासाजी कर गिरफ्तार करने के हर संभव प्रयास किये जा रहे है।